# जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद–फतेहपुर मे जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की दिनांक–12.05.2026 को समीक्षा बैठक की कार्यवृत्ति

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में गाँधी सभागार कलेक्ट्रेट मे दिनांक 12.05.2026 को जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी जिसमें निम्न अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहें–

- श्री अनुराग गौतम, अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), फतेहपुर।
- श्री अरविन्द कुमार,सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), फतेहपुर।
- श्री शिवम यादव, सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), फतेहपुर।
- श्री कृष्ण कुमार खरे, डी0पी0एम0, मेधज टेक्नोकान्सेप्ट, कलस्टर–प्रयागराज, फतेहपुर।
- श्रीराजमुनि यादव, जिला समन्वयक, जिला परियोजना, प्रबन्धन इकाई, फतेहपुर।
- श्रीमती स्वाती अवस्थी, सी0बी0 एण्ड टी0 कोऑर्डिनेटर, जिला परियोजना, प्रबन्धन इकाई, फतेहपुर।
- श्री प्रदीप कुमार सिंघल, डी0जी0एम0, मे0 पावरमेक प्रोजेक्ट लिमिटेड (जे0वी0), जनपद यूनिट फतेहपुर।
- श्री मनोज कुमार तिवारी, प्रो0 मैनेजर, मे0 पावरमेक प्रोजेक्ट लिमिटेड (जे0वी0), जनपद यूनिट फतेहपुर।
- श्री लखेन्दर सहनी, मे0 गायत्री रैमकी (जे0वी0), जनपद यूनिट फतेहपुर।
- श्री सुभाष कुमार, मे0 बाबा जी0ए0 इन्फ्रा, जनपद यूनिट फतेहपुर।

समीक्षा बैठक में अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) द्वारा जल जीवन मिशन के अर्न्तगत करायें गये कार्यो का विवरण प्रस्तुत किया गया जो निम्नवत है–

| क्र0सं0 | कार्यदायी संस्था का नाम | आवंटित ग्रामो की संख्या | कुल योजना | नलकूप | | पम्पहाउस | | बाउण्ड्रीवॉल | | सोलर | | विद्युत | | शिरोपरि जलाशय | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | लक्ष्य | प्राप्ति | लक्ष्य | प्राप्ति | लक्ष्य | प्राप्ति | लक्ष्य | प्राप्ति | लक्ष्य | प्राप्ति | लक्ष्य | प्राप्ति |
| 1 | मे0 पावरमेक–मे0 भूरथनम (जे0वी0) | 733 | 425 | 452 | 451 | 452 | 351 | 452 | 328 | 341 | 209 | 111 | 90 | 427 | 205 |
| 2 | मे0 बाबा जी0ए0 इन्फ्रा (जे0वी0) | 122 | 67 | 77 | 73 | 77 | 69 | 77 | 70 | 39 | 31 | 38 | 19 | 68 | 32 |
| 3 | मे0 गायत्री रैमिकी (जे0वी0)/सबलेट्स | 325 | 170 | 190 | 190 | 190 | 182 | 190 | 179 | 161 | 132 | 29 | 27 | 170 | 113 |
| | कुल योग | 1180 | 662 | 719 | 714 | 705 | 602 | 719 | 577 | 541 | 378 | 178 | 130 | 665 | 350 |

| क्र0सं0 | कार्यदायी संस्था का नाम | आवंटित ग्रामो की संख्या | कुल योजना | गृह संयोजन | | | रेगुलर वाटर सप्लाई (योजना) | | हर घर जल प्रमाणीकरण | | पाइप लाइन | | रोड़ रेस्टोरेशन | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | लक्ष्य | प्राप्ति | प्रतिशत | लक्ष्य | प्राप्ति | लक्ष्य | प्राप्ति | लक्ष्य (कि0मी0) | प्राप्ति (कि0मी0) | कुलग्राम लक्ष्य | प्राप्ति |
| 1 | मे0 पावरमेक–मे0 भूरथनम (जे0वी0) | 735 | 425 | 242945 | 222328 | 91.51 | 425 | 155 | 733 | 81 | 5345 | 5095 | 733 | 280 |
| 2 | मे0 बाबा जी0ए0 इन्फ्रा (जे0वी0) | 122 | 67 | 43771 | 40747 | 93.09 | 67 | 20 | 122 | 12 | 954 | 891 | 122 | 65 |
| 3 | मे0 गायत्री रैमिकी (जे0वी0)/सबलेट्स | 325 | 170 | 90876 | 89959 | 98.99 | 170 | 101 | 325 | 87 | 1528 | 1517 | 325 | 150 |
| | कुल योग | 1180 | 662 | 377592 | 353034 | 93.49 | 662 | 276 | 1180 | 180 | 7827 | 7503 | 1180 | 495 |

उक्त प्रस्तुत विवरण के सापेक्ष अधोहस्ताक्षरी द्वारा कार्यदायी संस्थावार समीक्षा कर निम्न निर्देश दिये गये—

1. **मे0 गायत्री रैमकी (जे0वी0)**—मे0 गायत्री रैमकी का 190 नलकूप का कार्य पूर्ण दर्शाया गया है। अधोहस्ताक्षरी महोदया द्वारा गायत्री रैमकी के उपस्थित प्रोजेक्ट मैनेजर श्री लखेन्दर सहनी से सभी 190 बोरिंग किये जाने पुष्टि के सम्बन्ध मे जानकारी ली गयी तो स्पष्ट उत्तर नही दिया जा सका। टी0पी0आई के डी0पी0एम0 श्री कृष्ण कुमार द्वारा अवगत कराया गया कि विकास खण्ड तेलियानी के सूपा पेयजल योजना की बोरिंग फेल हो चुकी है जिस पर कार्यदायी संस्था के द्वारा गलत सूचना देने पर कड़ा रोष व्यक्त किया गया तथा अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया कि संस्था से स्पष्टीकरण लिया जाये एवं ब्लैकलिस्ट करने हेतु संस्तुति कर दी जाये। संस्था की ओर से गायत्री रैमकी द्वारा 190 के सापेक्ष 182 पम्पहाउस पूर्ण किया जाना बताया गया है, यह भी अवगत कराया गया कि 170 पेयजल योजनाओं के सापेक्ष 159 पेयजल योजनाओं मे सोलर/ग्रिड लगा दिया गया है। जबकि 101 योजनाओं मे ही पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। शेष 58 योजनाओं मे पानी क्यो नही चल रहा है स्पष्ट किया जायें तथा पिछले 1 माह मे 7 ग्रामो मे नियमित जलापूर्ति किया जाना अवगत कराया गया है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देश दिए गए कि जून माह तक उन सभी 159 योजनाओं मे नियमित जलापूर्ति किया जाना सुनिश्चित करें एवं संस्था द्वारा लिखित रूप से कार्ययोजना ले ली जाये।

   सभी 170 योजनाओं मे जून माह तक खोदी गई सड़को को मोटरेबल बना दिया जायें तथा उसकी फोटोग्राफ सहित सूचना दी जायें। मरम्मत के अभाव मे यदि कोई दुर्घटना होती है तो उसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी फर्म की होगी। फर्म द्वारा अभी तक जनप्रतिधियों से किसी एक भी योजना का लोकार्पण/निरीक्षण नही कराया गया है। इसे अविलम्ब कराया जायें। संशोधित डेटा प्रोजेक्ट मैनेजर के हस्ताक्षर से लेकर प्रस्तुत किया जाये।

   **(कार्यवाही—अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) व मे0 गायत्री रैमकी (जे0वी0)**

2. **मे0 बाबा जी0ए0 इन्फ्रा**—मे0 बाबा जी0ए0 इन्फ्रा 67 योजनाओं मे 77 बोरिंग के सापेक्ष 73 बोरिंग किया जाना बताया गया है शेष 4 बोरिंग खारे पानी आदि के कारण अवशेष है। संस्था द्वारा 50 योजनाओं मे सोलर/विद्युत का कार्य पूर्ण किया जाना अवगत कराया गया है जबकि जलापूर्ति 20 योजनाओं मे ही की जा रही है। कार्यदायी संस्था द्वारा अवगत कराया गया कि मई माह मे 08 योजनाओं मे और जलापूर्ति प्रारम्भ कर दी जायेगी, शेष 22 नग पेयजल योजनाओं मे जून, 2026 तक जलापूर्ति प्रारम्भ कर दी जायेगी। अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देशित किया गया कि जिन योजनाओं मे सोलर/विद्युत का कार्य हो चुका है उन योजनाओं मे जलापूर्ति जून, 2026 तक प्रारम्भ कर ली जायें। 77 पम्प हाउस के सापेक्ष 69 पम्पहाउस का कार्य पूर्ण बताया गया। 65 ग्रामो मे रोड़ रेस्टोरेशन का किया जाना दर्शाया गया है शेष ग्रामो मे जून माह तक सड़को को मोटरेबल कर दिया जाये।

   **(कार्यवाही—अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) वमे0 बाबा जी0ए0 इन्फ्रा (जे0वी)**

3. **मे0 पावरमेक– मे0 भूरथनम (जे0वी0)**—425 योजनाओं मे452 बोरिंग लक्ष्य के सापेक्ष 451 का कार्य किया जाना बताया गया है। पावरमेक भूरथनम (जे0वी0) के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि शेष 1 योजना रेवारी बुजुर्ग विकास खण्ड मलवां मे खारा पानी के कारण बगल के गांव रामपुर खुर्द मे भूमि उपलब्ध कराई गई जिसमें शीघ्र ही बोरिंग कार्य प्रारम्भ कराया जायेगा। 299 योजनाओं मे विद्युत/सोलर का कार्य पूर्ण किया जाना बताया गया है जबकि जलापूर्ति 155 योजनाओं मे की जा रही है। निर्देशित किया गया कि जून माह मे 35 और योजनाओं मे जलापूर्ति कराना सुनिश्चित करें। अवशेष सभी योजनाओं मे मध्य अगस्त तक कार्य पूर्ण करने हेतु कार्य योजना प्रो0 मैनेजर के हस्ताक्षर सहित प्रस्तुत की जाये। रोड़ रेस्टोरेशन 280ग्रामो मे पूर्ण किया जाना बताया गया है जून मे सभी ग्रामो की सड़को को मोटरेबल कर दिया जायें। इसकी कार्ययोजना लिखित रूप मे प्रस्तुत की जाये। योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया जायें यदि कोई गड़बड़ी पायी जाये तो उसकी सूचना दी जाये।

   **(कार्यवाही—अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) व मे0 पावरमेक– मे0 भूरथनम (जे0वी0)**

4. अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देशित किया गया कि गरीबी रेखा के नीचे के लाभार्थियों का कनेक्शन पूर्ण किया जायें तथा जिनका कनेक्शन हो चुका है उनका आधार लेकर डेटा फीड किया जाये।

   **(कार्यवाही—अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) व समस्त कार्यदायी संस्थायें)**

5. सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया गया कि स्कूल, आंगनवाडी, स्वास्थ्य केन्द्र, बारात घर, सार्वजनिक शौचालय व अन्य सभी सार्वजनिक भवनो मे पेयजल का कनेक्शन अनिवार्य रूप से किया जायें तथा जिन सरकारी भवनो मे जलापूर्ति हो रही है, उसकी सूचना दी जायें।

   **(कार्यवाही—अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) व समस्त कार्यदायी संस्थायें)**

6. अधोहस्ताक्षरी द्वारा सभी कार्यदायी संस्थाओ को निर्देशित किया गया कि Critical NC प्रकरणों को गुणतापूर्ण ढंग से एक माह मे निस्तारित किया जाये। पावरमेक भूरथनम के प्रो0 मैनेजर द्वारा अवगत कराया गया कि एक से अधिक ग्राम पंचायतों वाली संयुक्त पेयजल योजनाओं मे जिन ग्राम पंचायातो मे टंकी नही बन रही है या वहाँ के ग्रामीणो द्वारा कार्य नही करने दिया जा रहा है। उक्त प्रकरण में निर्देशित किया गया कि जिन योजनाओं मे एक से अधिक ग्राम पंचायतें है एवं उक्त ग्राम पंचायतों में कार्य पूर्ण कराकर नियमित जलापूर्ति प्रारम्भ है, उन योजनाओं का निरीक्षण कर कर अन्य ग्राम पंचायतों को जहां अन्य ग्राम पंचायतें कार्य करने में अवरूद्ध उत्पन्न कर रही है, उन्हे जलापूर्ति वाली ग्राम पंचायतों का उदाहरण देकर विश्वास मे लिया जाये।

**(कार्यवाही–अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) व समस्त कार्यदायी संस्थायें)**

7. सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया गया कि अवशेष हाउस होल्ड कनेक्शन मे तेजी लायें तथा छोटे–छोटे अवशेष कार्यो को पूर्ण कराकर नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित करें। अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया निर्माणाधीन परियोजनाओं का समय–समय पर निरीक्षण एवं गुणवत्ता की जॉच करें तथा किसी भी प्रकार की गड़बड़ी होने पर अवगत कराये। जनपद के जनप्रतिनिधियों से अवलोकन/लोकार्पण कराये।

**(कार्यवाही– अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) व समस्त कार्यदायी संस्थायें)**

8. आई0एस0ए0 के कार्यो की समीक्षा के दौरान अवगत कराया गया कि कुछ संस्थाओं द्वारा त्रुटि पूर्ण अभिलेख जमा किये गये है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देशित किया गया कि आई0एस0ए संस्थाओं को अभिलेख सही कर जमा करने हेतु पत्र भेजा जाये तथा ग्राम पंचायतो मे जन जागरूकता करने हेतु निर्देशित किया जाये। जिन ग्रामो मे नियमित जलापूर्ति की जा रही है वहॉ पर सबमर्सिबल का उपयोग बन्द किये जाने हेतु भी आई0एस0ए0 द्वारा लोगो को जागरूक किया जाये।

**(कार्यवाही–अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) व समस्त आई0एस0ए0 संस्थायें)**

9. अधिशासी अभियन्ता द्वारा अन्य बिन्दु प्रस्तुत किये गये जो निम्नानुसार हैं:–
   (1) अधिशासी अभियन्ता द्वारा बैठक में EOT की भी पत्रावली प्रस्तुत की गई जिसे बैठक में पारित कर दिया गया।
   (2) सहायक अभियन्ता यांत्रिक खण्ड द्वारा बैठक में Source Sustainable की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई जिसे बैठक में पारित कर दिया गया।

(इसी के साथ बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।)

**(निधि गुप्ता वत्स)**
**जिलाधिकारी/अध्यक्ष**
**जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति**
**फतेहपुर।**

**पृ0सं0:** 851 / M-22 / 01 **दिनांक:** 12-05-2026

**प्रतिलिपि:– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. प्रबन्ध निदेशक महोदय, उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ को सादर सूचनार्थ।
2. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
3. मुख्य विकास अधिकारी, फतेहपुर।
4. जिला विकास अधिकारी, फतेहपुर।
5. जिला पंचायत राज अधिकारी, फतेहपुर।
6. अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), फतेहपुर।
7. अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, उ0प्र0 जल निगम (नगरीय), फतेहपुर।
8. अधिशासी अभियन्ता, यांत्रिक खण्ड, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), प्रयागराज।
9. जिला समन्वयक, जिला परियोजना प्रबन्धन इकाई (DPMU),फतेहपुर।
10. डी0पी0एम0, मे0 मेधज टेक्नो कान्सेप्ट प्रा0लि0 प्रयागराज, क्लस्टर फतेहपुर।
11. प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0गायत्री–रैमकी (जे0वी0) जनपद–फतेहपुर।
12. प्रोजेक्ट मैनेजर,मे0 पावरमेक/भूरथनम (जे0वी0) जनपद यूनिट फतेहपुर।
13. प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 बाबा जी0ए0इन्फ्रा (जे0वी0) जनपद यूनिट फतेहपुर।

**जिलाधिकारी/अध्यक्ष**
**जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति**
**फतेहपुर।**